# 10-11 जून को बस्तर के रास्ते छत्तीसगढ़ में दस्तक देगा मानसून

**-इस वर्ष समय पूर्व आएगा मानसून**

रायपुर । आरएनएस



मौसम वैज्ञानियों के मुताबिक छत्तीसगढ़ में प्री-मानसूनी गतिविधियां दिख रही है। इस बार मानसून समय से पहले छत्तीसगढ़ में दस्तक देने वाला है। मौसम में बदलाव से छत्तीसगढ़ में धीरे-धीरे तापमान भी कम होने लगेगा। गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। मानसून आने से पहले तेज हवा का चलना और कई हिस्सों में तेज गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने जैसी गतिविधियां देखने को मिलेगी। मानसून 10 से 11 जून को बस्तर संभाग से होते हुए छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगा। 14 जून तक रायपुर और 18 से 20 जून तक पूरे छत्तीसगढ़ में सक्रिय हो जाएगा।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। मानसून की उत्तरी सीमा गोवा, नारायणपेट, नरसापुर से होकर गुजर रही है। ढ्ढरूष्ठ के मुताबिक अगले 3 से 5 दिनों में कर्नाटक के शेष हिस्सों, दक्षिण महाराष्ट्र के कुछ भागों, तेलंगाना और तटीय आंध्र प्रदेश के कुछ और भाग, दक्षिण छत्तीसगढ़ यानी बस्तर और दक्षिण ओडिशा के कुछ भागों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढऩे के लिए परिस्थितियां अनुकूल है।


आईएमडी के अनुसार गुरुवार 6 जून को छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने, आंधी या गरज के साथ हल्की बारिश होने और तेज हवाएं चलने का अनुमान है। आज अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा तथा उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने उत्तर पश्चिम भारत में 7 जून 2024 से कुछ स्थानों पर बारिश और आंधी की संभावना जताई है। ढ्ढरूष्ठ ने कहा कि असम और मेघालय में 7 से 8 जून के बीच भारी से लेकर अति भारी बारिश होने की संभावना है। कोंकण-कर्नाटक तटों पर 8 जून, 2024 से वर्षा गतिविधि बढऩे की संभावना है।

## तीन महीने में 1931 लोग हुए हीट स्ट्रोक का शिकार

रायपुर । आरएनएस

राजधानी में लू का प्रकोप जारी है। दिन के साथ-साथ रात में भी गर्म हवाएं चल रही है।गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भारी पड़ रहा है। इससे लोगों की सेहत बिगड़ रही है। अस्पतालों में पेट दर्द, डिहाइड्रेशन, कमजोरी जैसे बीमारियों से पीड़ित मरीज ज्यादा पहुंच रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य के डेढ़ हजार से अधिक लोग गर्म हवा की वजह से बीमार होकर इलाज के लिए अस्पताल तक पहुंचे हैं। सबसे ज्यादा मामले बलौदाबाजार में दर्ज हुए हैं। छह जिले ऐसे हैं, जहां एक भी केस दर्ज नहीं हुए। रायपुर जिले में हीट-स्ट्रोक के केवल तीन मामले दर्ज हुए हैं। प्रदेश में तीन महीने में 1,931 लोग हीट स्ट्रोक के शिकार हुए हैं। विशेषज्ञों का कहना है, अभी गर्म हवाओं से बचना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मार्च के महीने में मौसम में बदलाव। होने के बाद से गर्मी और बढ़ते तापमान की वजह से होने वाले हीट-स्ट्रोक की रोकथाम के लिए निगरानी की जाती है।



स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार मार्च और अप्रैल के महीने में लू की वजह से बीमार होने वालों की संख्या 375 थी, जो मई के समाप्त होने से पहले 193 तक पहुंच गई है। आंकड़ों के अनुसार हीट स्ट्रोक के सबसे ज्यादा मामले बलौदाबाजार जिले में दर्ज किए गए, वहीं सुकमा, नारायणपुर, कोंडगांव, कबीरधाम, जशपुर, दुर्ग, बस्तर और बलरामपुर जिले से एक भी हीट- स्ट्रोक के केस की इंट्री नहीं की गई है।

रायपुर जिले में लू से संबंधित तीन मामले दर्ज किए गए हैं। चिकित्सक तेज धूप से बचने की सलाह दे रहे हैं। आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि लू के मरीज कम आ रहे हैं, लेकिन पेट दर्द, बुखार, सिर दर्द, उल्टी-दस्त, लूजमोशन के मरीज लगातार आ रहे हैं। ज्यादा तापमान में रहने से लगातार शरीर का तापमान बढ़ता है, जिससे जी मिचलाने जैसी समस्याएं हो रही हैं। तेज गर्मी में ब्लड प्रेशर भी बढ़ रहा है।

गर्मी के कारण लोग डिहाइड्रेशन का शिकार हो रहे हैं, इससे उनको चक्कर आना, जी मिचलाना और सिरदर्द की शिकायत हो रही है।सतर्कता से ही बीमारियों से बचा जा सकता है। जिला अस्पताल, निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। स्वास्थ्य को लेकर लोगों में जागरुकता भी बढ़ी है। गर्मी से बचने के लिए लोग पर्याप्त कोशिश भी कर रहे हैं।

**घर से पानी पीकर निकलें, हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनें-** आंबेडकर अस्पताल के मेडिसिन विभाग के डा. आरएल खरे ने कहा कि सतर्कता से ही गर्मी के प्रकोप से बचा जा सकता है। सुबह 11 से शाम चार बजे तक बाहर निकलने से बचें। बहुत जरूरी हो तो तभी निकलें। घर से निकलने के समय पानी जरूर पीएं। कपड़े भी हल्के रंग के ढीले पहने। बाहर के खाने-पीने की वस्तुओं को इग्नोर करें। घर से निकलने के समय अपने साथ पानी लेकर चलें। जगह-जगह प्याऊ खुले हैं, लेकिन वहां का पानी दूषित हो सकता है। घर पहुंचने के बाद तुरंत पानी न पीएं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

सारंगढ़ में 8 जून को होगा दिव्यांगों के लिए मेडिकल कैंप

छूटे हुए दिव्यांगों का प्रमाण पत्र के लिए होगा जांच

सारंगढ़ बिलाईगढ़। सिविल अस्पताल सारंगढ़ में 8 जून 2024 द्वितीय शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मेडिकल कैंप किया जाएगा। ऐसे दिव्यांग व्यक्ति जिनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र नही बना है , वे आधार कार्ड की फोटो कॉपी और दिव्यांगता दिखता हुआ 2 पासपोर्ट फोटो के साथ उपस्थित होकर अपना परीक्षण करवा कर लाभ प्राप्त करें। इसमें दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए छूटे हुए दिव्यांगों का जांच, आंकलन और यूडीआइडी पोर्टल में रजिस्टर्ड होगा, जिनके प्रमाण पत्र बन जाने से सरकार की कई योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसमें शिशु, नेत्र, अस्थि (हड्डी) और ऑडियो लॉजिस्ट विशेषज्ञ डॉक्टर और उनके सहयोगी उपस्थित रहेंगे। इससे दिव्यांग सहित आम नागरिकों को इलाज में सुविधा और दिव्यांग को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने में सुविधा मिलेगा। जिन दिव्यांग का पूर्व में दिव्यांग प्रमाण पत्र बन चुका है, उन दिव्यांग लोगों को इस शिविर में आने की जरूरत नहीं है। शिविर में अन्य कोई प्रमाण पत्र या सामग्री का वितरण नहीं किया जाएगा। इस शिविर में आए सभी लोग, बच्चों के बीमारी, नेत्र, अस्थि (हड्डी) और कान से जुड़े बीमारी का जांच करा सकते हैं।

00

छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता (सेट) परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 9 जून

सारंगढ़ बिलाईगढ़। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (सीजी व्यापमं) ने अपने वेबसाइट में छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (सीजी सेट) 2024 के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। जारी कार्यक्रम अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 09 जून 2024 है, जिसका त्रुटि सुधार 10 से 12 जून 2024 के मध्य किया जा सकता है। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस परीक्षा की संभावित तिथि 21 जुलाई 2024 है। सीजी व्यापमं की अधिकृत वेबसाइट https://vyapam.cgstate.gov.in/ (व्यापम डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओव्ही डॉट) से इस परीक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है और ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

000000000000000000

## विश्व पर्यावरण दिवस: अस्पताल परिसर में लगाया गया पौधा

रायगढ़

5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले में संचालित महतारी एक्सप्रेस के कर्मवीरों द्वारा सीएससी, पीएससी में संचालित एम्बुलेंस चालकों एवं इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियनों के द्वारा अस्पताल परिसर में एक-एक पौधा लगाया गया। रायगढ़ जिले में 12 महतारी एक्सप्रेस संचालित हैं। महतारी एक्सप्रेस घर से अस्पताल, अस्पताल से घर और अस्पताल से अस्पताल रेफर गर्भवती महिला एवं नवजात शिशुओं को सेवा प्रदान करता है। रायगढ़ जिले में प्रसव पश्चात जितने भी अस्पताल से छुट्टी हुई उनके परिजनों को एक पौधा देकर उनसे अनुरोध किया गया कि इस पौधे को घर जाकर इस नवजात शिशु के नाम पर लगाए। साथ ही उनसे यह भी निवेदन किया गया कि बालक के नाम अगर हो सके तो पांच पौधा लगाने का प्रयास करें। उनको पर्यावरण के बारे में जागरूक किया गया और बताया गया कि के वृक्ष हमारे जीवन के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं।




## महिला संबंधी अपराध में पुसौर पुलिस की त्वरित कार्यवाई, छेड़खानी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

रायगढ़



दिनांक 05/06/2024 को थाना पुसौर में महिला द्वारा युवक सुखदेव सिदार (20 साल) के विरुद्ध छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। महिला बताई कि सुखदेव सिदार उसे आते-जाते गंदे कमेंट्स कर छेड़खानी करता था जिसे नजरअंदाज कर सुखदेव को समझाई थी। इसके बावजूद सुखदेव अपनी हरकतों से बाज नहीं आया, 28 मई के सुबह कचरा फेंकने जाते समय अकेली देखकर गंदी नियत से सुखदेव हाथ बांह पकड़कर छेड़खानी किया, शोर मचाने पर वहां से भागा, जिसकी जानकारी घर में सास ससुर, पति को दी। घर में सलाह मशवरा कर कल महिला द्वारा आरोपी सुखदेव सिदार के विरुद्ध कल थाना में छेड़खानी के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। महिला के आवेदन पर थाना पुसौर में आरोपी सुखदेव सिदार पर अपराध क्रमांक 140/2024 धारा 354 आईपीसी के तहत अपराध कायम किया गया। महिला संबंधी अपराध को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे आरोपी सुखदेव सिदार के घर पर दबिश देकर हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसे रिपोर्ट के 24 घंटे के भीतर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्रवाई में थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे, एएसआई मनमोहन बैरागी, उमाशंकर विश्वाल तथा हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

## नाबालिक से दुष्कर्म, रिपोर्ट के चंद घंटे के भीतर जूटमिल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

रायगढ़



दिनांक 05/06/2024 को प्रार्थीया द्वारा उसकी नाबालिक लड़की के साथ अभिषेक भोई (उम्र 27 वर्ष) निवासी ग्राम खैरगढ़ी थाना सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ हाल मुकाम थाना क्षेत्र जूटमिल द्वारा दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। प्रार्थीया बताई कि वो अपने पति, बच्चों के साथ जूटमिल क्षेत्र में किराया मकान लेकर रहती है। वहीं पास में अभिषेक भोई और उसकी पत्नी लक्ष्मी भोई भी किराया मकान लेकर रहते हैं जिनके साथ इनका बातचीत होता था। 29 मई को लक्ष्मी भोई का पति अभिषेक भोई ड्यूटी पर गया था लक्ष्मी की तबीयत ठीक नहीं होने पर लक्ष्मी के साथ घर सोने के लिए लड़की को भेजी थी। दूसरे दिन लड़की घर आई और गुमसुम रहने लगी 04 जून को लडकी से पूछताछ करने पर बताई कि 29 मई को लक्ष्मी के घर सोने गई थी। उसी रात अभिषेक अपनी ड्यूटी से वापस घर आ गया और रात करीब 2:00 बजे उसके साथ दुष्कर्म किया और घटना किसी को ना बताने की धमकी दिया जिससे लडकी डरी हुई थी। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर आरोपी अभिषेक भोई पर थाना जूटमिल में अपराध क्रमांक 260/2024 धारा 376,506 आईपीसी 4 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा पीड़ित बालिका का महिला अधिकारी से कथन मेडिकल कराकर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश देकर आरोपी अभिषेक भोई को हिरासत में लिया गया जिसे आज न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया। माननीय न्यायालय में आरोपी का न्यायिक रिमांड स्वीकृत कर जेल वारंट जारी करने पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

## ग्राम बयांग और नंदेली में अलग-अलग कार्यवाई में 4 आरोपियों से 23 लीटर शराब जब्त

**अवैध शराब विक्रय पर अंकुश लगाने कोतरा रोड पुलिस की कार्यवाई**

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर कल शहर मैं अवैध शराब पर ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। कोतवाली पुलिस द्वारा स्कूटी पर शराब परिवहन कर रहे आरोपी से 192 पाव अंग्रेजी शराब की जप्ती की गई है। वहीं थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम नंदेली और बायंग में अवैध शराब विक्रय की सूचना पर कोतरारोड़ पुलिस द्वारा चार अलग-अलग ठिकानों पर शराब रेड कार्यवाही कर चार आरोपियों को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया है। आरोपियों से कुल 23 लीटर महुआ शराब (रु.2350) एवं बिक्री रकम रु.1450 जप्त किया गया है। आरोपियों पर थाना कोतरारोड़ में पृथक-पृथक आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में शराब रेड कार्रवाई में उप निरीक्षक जे. एक्का, सहायक उप निरीक्षक कुसुम कैवर्त, प्रधान आरक्षक करुणेश राय, शंकर कालो, जय प्रकाश सूर्यवंशी, आरक्षक चन्द्रेश पाण्डेय, संजीव पटेल, मनोज जोल्हे, सतीश सिंह, संजय एक्का, प्रवीण राज और टिकेश्वर यादव शामिल थे।

**शराब रेड में पकड़े गये आरोपियन व जब्त शराब-**

(1) मुकेश कुमार सिदार पिता स्वर्गीय खेमानिधी सिदार उम्र 36 वर्ष साकिन बायंग थाना कोतरारोड से 06 लीटर महुआ शराब।

(2) नवरतन सारथी पिता धनेश्वर सारथी उम्र 36 वर्ष साकिन नंदेली थाना कोतरारोड से 10 लीटर महुआ शराब।

(3) अरूण कुमार निषाद पिता सुखलाल निषाद उम्र 44 वर्ष साकिन कदम मोहल्ला ग्राम बायंग डीपापारा से 04 लीटर महुआ शराब और बिक्री रकम 1450 रूपये।

(4) पदुमलाल सारथी पिता कन्हैया लाल सारथी उम्र 40 वर्ष साकिन नंदेली थाना कोतरारोड से 03 लीटर महुआ शराब।

## स्कूटी पर शराब परिवहन कर रहे युवक से 192 पाव अंग्रेजी शराब जब्त

### अवैध शराब पर कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्यवाई

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा अवैध शराब पर अंकुश लगाने के दिये निर्देशन पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल के नेतृत्व में कल शाम कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा अवैध शराब पर बड़ी कार्यवाही किया गया है। थाना प्रभारी कोतवाली को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बिना नंबर एक काले रंग के होंडा स्कूटी में एक युवक भारी मात्रा में शराब रखकर लाखा से उर्दना की ओर जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल स्टाफ कार्यवाही के लिए रवाना किया गया। कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मेन पर लाखा डेम नहर के पास घेराबंदी कर संदेही युवक को पकड़ा गया। संदेही अपना नाम देवब्रत प्रधान पिता व्योमेश प्रधान उम्र 18 वर्ष साकिन बेलादूला श्रीराम कालोनी रायगढ, हाल मुकाम मोदीनगर बोईरदादर थाना चकधरनगर जिला रायगढ़ बताया जिसके रखे तीन बैग में 162 पाव (180ml) गोवा स्पेशल व्हिस्की, 30 पाव पार्टी स्पेशल अंग्रेजी शराब कुल 34.560 ब्लक लीटर शराब कीमती रु.27,360 मिला। युवक देवब्रत प्रधान द्वारा शराब परिवहन के संबंध में कोई समाधानकारक वाब और कागजात पेश नहीं कर पाने से कोतवाली पुलिस टीम द्वारा आरोपी देवब्रत प्रधान से अवैध शराब और एक बिना नंबर काला रंग होंडा एक्टिवा स्कूटी कीमती रु.90,000 रुपए कुल रु.1,17,360 की अपराध में जप्ती कर आरोपित देवव्रत चौहान पर थाना कोतवाली में अप.क्र. 337/2024 धारा 34(2),59(क)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। शराब रेड कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक गौतम सिंह ठाकुर, आरक्षक उत्तम सारथी और मनोज पटनायक शामिल थे।

## दिव्यांग को ट्रायसायकल मिलने से कलेक्टर एवं एसपी के चेहरे में खुशी की मुस्कुराहट

सारंगढ़ बिलाईगढ़



जिले के सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम मुड़पार बड़े पोस्ट चांटीपाली के दिव्यांग भभीखन साहू को कलेक्टोरेट सारंगढ़ के मुख्य द्वार में कलेक्टर धर्मेश कुमार के मुख्य आतिथ्य में पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा ने समाज कल्याण विभाग के माध्यम से ट्रायसायकल प्रदान किया। यह ऐसी घटना है जिसमें ट्रायसायकल मिलने से दिव्यांग भभीखन से कई गुना खुशी कलेक्टर धर्मेश साहू के चेहरे में अथाह खुशी की मुस्कुराहट और पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा के चेहरे में मुस्कुराहट दिखाई दिए। यह आत्मिक शांति और एक भला कार्य समाज कल्याण विभाग के नाम को वास्तविक पहचान दिलाता है। ये भी गौर करने वाली बात है कि कलेक्टर साहू के नाम अनुरूप धर्म के देव (धर्मेश) हैं। अब दिव्यांग साहू को जब तक ट्रायसायकल साथ दें तब तक उनके दैनिक जीवन के कार्यों में सहूलियत मिलेगा।

## नगरीय निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला रहें अलर्ट

रायपुर । आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्षाजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

मुख्यमंत्री साय ने मानसून के दौरान संभावित बीमारियों की रोकथाम के लिए अधिकारियों को राजधानी से लेकर ग्राम पंचायत तक लगातार सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने हैंडपंप, नलकूप, एवं जल स्त्रोतों की मरम्मत, साफ-सफाई और क्लोरिनेशन कराने के भी निर्देश दिए हैं। ब्लीचिंग पाउडर और क्लोरिन टैबलेट की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री ने वर्षाजन्य बीमारियों एवं अन्य समस्याओं से निपटने के लिए प्रशासनिक अमले के साथ लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग के अमले को अलर्ट रहने को कहा है।

पेयजल स्त्रोतों की सफाई जैसे छोटे-छोटे उपायों से इन बीमारियों के प्रकोप से बचा जा सकता है। राज्य में संक्रामक बीमारियों की दृष्टि से संवेदनशील गांवों और इलाकों में स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा लगातार निगरानी रखी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि जशपुर अंचल सहित ऐसे क्षेत्र जहा सर्पदंश के मामले ज्यादा आते हैं उन इलाकों में बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। साथ ही सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एन्टी स्नेक वेनम की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में सर्पदंश के प्रकरणों को हैण्डल करने के लिए चिकित्सक एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध रहें। मुख्यमंत्री ने वर्षाजनित बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश भी दिए हैं। बारिस के मौसम में घरों के आसपास जल जमाव न हो, ताकि मच्छर न पैदा हों।

## 7 और 12 को कई यात्री ट्रेनें रहेंगी रद्द : सालेकसा-दरेकसा के मध्य होगा गिर्डर लॉचिंग

रायपुर । आरएनएस



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के सालेकसा-दरेकसा रेल खंड के बीच में अप एवं डाउन रेलवे लेवल क्रॉसिंग पर गिर्डर लॉन्चिंग का कार्य किया जाएगा, इसके कारण कुछ गाडियों का परिचालन प्रभावित होगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के सालेकसा-दरेकसा रेल खंड के बीच में अप एवं डाउन रेलवे लेवल क्रॉसिंग पर गिर्डर लॉन्चिंग का कार्य किया जाएगा, इसके कारण कुछ गाडियों का परिचालन प्रभावित । इस कार्य को दिनांक 07 जून को एवं 12 जून, 2024 को पावर ब्लॉक लेकर कार्य किया जायेगा । इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाडियों का परिचालन प्रभावित हो रहा है । जिसकी जानकारी इस प्रकार है :-

रदद होने वाली गाडियां -

01. दिनांक 07 एवं 12 जून, 2024 को दुर्ग से छूटने वाली 08741 दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।

02. दिनांक 07 एवं 12 जून, 2024 को गोंदिया से छूटने वाली 08742 गोंदिया-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।

03. दिनांक 07 एवं 12 जून, 2024 को गोंदिया से छूटने वाली 08743 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।

04. दिनांक 07 एवं 12 जून, 2024 को इतवारी से छूटने वाली 08744 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)- गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।

05. दिनांक 07 एवं 12 जून, 2024 को डोंगरगढ़ से छूटने वाली 08711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।

06. दिनांक 07 एवं 12 जून, 2024 को गोंदिया से छूटने वाली 08712 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।

07. दिनांक 07 एवं 12 जून, 2024 को गोंदिया से छूटने वाली 08713 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।

08. दिनांक 07 एवं 12 जून, 2024 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 08714 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।

09. दिनांक 07 एवं 12 जून, 2024 को बालाघाट से छूटने वाली 08715 बालाघाट-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।

10. दिनांक 07 एवं 12 जून, 2024 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 08716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।

रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है तथा सहयोग की आशा करता है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480